बरेली, शनिवार
10 मई, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

# दैनिक जागरण

**PAGE NO IV MIDDLE**



पहलगाम में दुस्साहस करने वाले आतंकियों का खात्मा करने के लिए भारतीय सेना जहां पाकिस्तान में घुसकर मार रही है। वहीं, हमारी सुरक्षा भी कर रही है। आतंकवाद के खिलाफ युद्ध चल रहा है। पाकिस्तान में तबाही मची है, लेकिन सेना के शौर्य की बदौलत हम निडर होकर सामान्य जीवन बिता पा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी देश की साख मजबूत हो रही है। सेना को हमारा सेल्यूट। राष्ट्र के प्रति हम भी अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। सेना और सरकार के हम साथ खड़े हैं। जहां भी जरूरत पड़ेगी आगे बढ़कर काम करेंगे।

– **आदित्य मूर्ति,** डायरेक्टर एसआरएमएस